

## एक नजर में

### राष्ट्र प्रथम के उद्घोष से सराबोर होगा मंदसौर

**मंदसौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस विजयादशमी पर अपनी 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण कर रहा है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर 5 अक्टूबर रविवार को शहर में संघ का भव्य पथ संचलन निकलेगा। संचलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा व स्वागत की व्यवस्थाएं कर ली हैं। गणवेशधारी स्वयंसेवक हाथों में दंड और केसरिया ध्वज लेकर अनुशासन का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेंगे। बैंड की गूंज और भारत माता की जय, राष्ट्र प्रथम जैसे उद्घोष से पूरा शहर देशभक्ति से सराबोर होगा। शताब्दी वर्ष को सेवा, संगठन और राष्ट्र पुनरुत्थान का संकल्प लेकर मनाया जा रहा है। संचलन के दौरान नागरिकों को संघ की स्थापना काल से लेकर स्वतंत्रता संग्राम, विभाजन, दमन, पुनरुत्थान, युद्ध व आपदाओं में सेवा कार्य और राम मंदिर निर्माण तक की यात्रा का स्मरण कराया जाएगा। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से प्रारंभ होकर पथ संचलन गाँधी चौराहा, बस स्टेण्ड, भारत माता चौराहा, घण्टाघर, सदर बाजार, प्रतापगढ़ पुलिया, वीर सावरकर पुलिया, शुक्ला चौक, नयापुरा रोड, गोल चौराहा, मुनिमजी पावबड़ा रोड, सीटी काउन, अनुयोग हॉस्पिटल, आनन्द गरबा चौराहा, संघवी स्टेशनरी, गुरूद्वारा रोड, महू-नीमच रोड, बीपीएल चौराहा, सिविल हॉस्पिटल होते हुए पुनः गाँधी चौराहा से उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर पहुंचेगा।

### वाड़ी विसर्जन पर मां देवडूंगरी माता ने व्यापार व्यवसाय




**मंदसौर।** नव रात्री पर्व पर दूर्गा नवमी के उपलक्ष्य में देव डूंगरी माता मंदिर पर वाड़ी विसर्जन का आयोजन हूआ। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नव रात्री के नौ दिनों तक मातारानी की उपासना हूई। पहले दिन घट स्थापना से लेकर प्रतिदिन नियमित मंदिर मे नौ दिनों तक भक्तों का तांता लगा रहा और अतिंम दिवस दूर्गा नवमी को जय अम्बें, देव डूंगरी माता भक्त मंडल रेवास देवड़ा रोड़ के द्वारा वाड़ी विसर्जन का आयोजन सम्पन्न हूआ। वाड़ी विसर्जन मे माता देव डूंगरी के पंण्डाजी ईश्वर मीणा सहित अन्य को भाव आया और भक्तों को मातारानी ने धन, धान्य और सुख समृद्धि का आर्शिवाद दिया। वाड़ी विजर्सन के पर भक्त मंण्डल के बंशी लाल राठौर, राधेश्याम मारू, सहित क्षेत्रवासी मौजुद थे। व्यापार व्यावसाय, खेती किसानी को लेकर आगंतूक क्षेत्र वाससियों ने भविष्य मे अच्छी उपज और आय क साथ ही बिमारीयों पर रोग द्वोष मुक्त रहने कि मन्नतें कि गई।

### आतिशबाजी के साथ नगर में 31 फीट रावण पुतले का दहन



**मन्दसौर।** श्री बालाजी धाम साईं धाम मंदिर समिति अभिनन्दन मेन कॉलोनी मंदसौर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरा उत्सव भव्य रूप से मनाया गया। नयनाभिराम भव्य आतिशबाजी का सभी ने आनन्द लिया। साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा ने माहौल भक्तिमय किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीशचन्द्र पाटीदार ने बताया कि तीन साल से बालाजी धाम साईं धाम मंदिर परिसर में दशहरा उत्सव मनाया जा रहा है तथा बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया जाता है। इस वर्ष करीब 1 घण्टे तक भव्य आतिशबाजी के नजारे का उपस्थित लोगों ने आनन्द लिया। 31 फीट रावण दहन के पूर्व सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया। उपस्थित लोगों ने श्रद्धाभाव से बैठकर पाठ किया। जिसकी आवाज की गूंज से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। जय श्री राम, पवन पुत्र हनुमान की जय के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया। राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान के रूप धारण कर बच्चों की उपस्थिति में समिति के पदाधिकारियों ने रावण दहन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्री बालाजी धाम सांई धाम मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### रावण दहन देखने गए परिवार के घर में लगी आग



**देवरी खवासा।** विजयादशमी पर्व पर जहां पूरे क्षेत्र में रावण दहन का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा था, वहीं गांव देवरी खवासा में लोकेश चंद सोनी पिता जगदीश सोनी के घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवारजन जब गांव में रावण दहन देखने गए थे, उसी दौरान अज्ञात कारणों से उनके घर में अचानक भीषण आग लग गई।जब परिवार घर लौटा तो सामने का मंजर देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। पूरे घर में सिर्फ धुआं और राख ही नजर आई। फ्रिज, कूलर, पंखे सहित घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गया। अनुमानित नुकसान करीब ढाई लाख से तीन लाख रुपए का बताया जा रहा है।इस घटना से पूरे परिवार पर गहरा संकट छा गया है। परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए और गांववालों का कहना है कि परिवार के हाल देखकर ऐसा लग रहा था मानो खून के आंसू रो रहे हों।गांव के लोगों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।देवरी खवासा में यह घटना विजयादशमी के दिन खुशी के माहौल को मातम में बदल गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत आर्थिक मदद और मुआवजा देने की मांग की है।

### जावद उप जेल नमो उपवन में किया गया फलदार पौधों का रोपण




**नीमच।** उप जेल जावद में सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर समस्त जेल स्टाफ द्वारा जागरूकता दौड़ एवं जेल परिसर में नमो उपवन का शुभारम्भ करने के साथ ही सेवा पखवाड़े का समापन किया गया। इस अवसर सब जेल जावद के जेल परिसर में साफ सफाई की गई और नमो उपवन में फलदार वृक्षों जैसे - आम, अमरूद, सीताफल, नींबू, आदि का रोपण किया गया। कार्यक्रम जेल का समस्त स्टाफ नवीन स्पोर्ट्स ड्रेस में उपस्थित था मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे सेवा अभियान *% एक बगिया मां के नाम तहत सभी जेल कर्मचारियों द्वारा *सब जेल जावद* में *वृक्षारोपण* भी किया गया। आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत थीम पर सभी स्टाफ को अच्छे कार्य करने एवं द्वद्दश्ल -कर्मयोगी प्रशिक्षण सप्ताह में बढ़ - चढ़ कर भाग लेने प्रोत्साहित किया गया। यह जानकारी उप जेल के सहायक अधीक्षक श्री अंशुल गर्ग द्वारा दी गई।

# जिले के 953 गांवों के किसान मुआवजा राशि से हुए लाभान्वित

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से मंदसौर जिले के 3 लाख 87 हजार किसानों को 267 करोड़ की मुआवजा राशि आहरित की
- प्राकृतिक आपदा, पीला मोजेक व अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को मिली राहत

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के किसानों को बड़ा तोहफ़ा दिया। सिंगल क्लिक के माध्यम से उन्होंने मंदसौर जिले के 3 लाख 87 हजार 498 किसानों के खातों में 267 करोड़ 29 लाख 73 हजार 209 रुपए की मुआवजा राशि सीधे खाते हस्तांतरित की। जिले के 953 ग्रामों में सोयाबीन फसल नुकसान दर्ज किया गया। इसमें कुल 3,20,119.64 हेक्टेयर रकबा प्रभावित पाया गया है। यह राशि पात्र किसानों को आरबीसी 6(4) के तहत प्रदान की गई। यह राशि मानसून काल के दौरान प्राकृतिक आपदाओं, पीला मोजक रोग, अतिवृष्टि एवं अन्य कारणों से प्रभावित किसानों को राहत स्वरूप दी गई है।



जिला स्तरीय कार्यक्रम मंदसौर एनआईसी कक्ष में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लोक सभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, कलेक्टर अदिती गर्ग, विधायक हरदीप सिंह डंग, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, राजेश दीक्षित, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनु प्रिया विनीत यादव, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर जिले के किसान लाल दास बैरागी, किसान रेखा शर्मा, किसान सुनीता शर्मा, किसान ओमप्रकाश पाटीदार से आत्मीय संवाद भी किया।

किसान लाल दास बैरागी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा—पीला मोजक और अतिवृष्टि से हमारी फसलें बहुत प्रभावित हुई थीं। मुख्यमंत्री जी ने तुरंत कार्यवाही कर आज हमारे खाते में मुआवजा राशि पहुंचाई है। दीपावली से पहले हमें यह राहत मिली है, इसके लिए हृदय से आभार।

किसान रेखा शर्मा ने मुख्यमंत्री को 'राम-राम' कहते हुए भावुक शब्दों में धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा— आपने किसानों की चिंता को अपनी प्राथमिकता बनाकर दिवाली से पहले खुशियों की सौगात दी है। आपने किसानों की बल्ले-बल्ले कर दी।

किसान ओमप्रकाश पाटीदार ने कहा—आपके इस निर्णय से हम दीपावली का पर्व उल्लासपूर्वक मना सकेंगे। संकट की घड़ी में यह सहायता हमारे लिए संजीवनी साबित हुई है।

कार्यक्रम में प्रदेशभर के लाखों किसान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। सभी किसानों के खातों में राहत राशि सीधे डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से जमा कराई गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसान को आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। समय पर राहत और सहायता उपलब्ध कराना ही सरकार की प्राथमिकता है।

यह मुआवजा राशि वितरण कार्यक्रम न केवल किसानों के जीवन में खुशियां लेकर आया बल्कि प्रदेश सरकार के किसान हितैषी दृष्टिकोण और संवेदनशीलता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।



## गरबा आयोजन से सांस्कृतिक चेतना को मिलता है प्रोत्साहन : विधायक जैन

**मंदसौर। गांधी नगर में नवदुर्गा गरबा समिति द्वारा आयोजित दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। समापन अवसर पर गरबा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 350 बालिकाओं को माँ दुर्गा की भक्ति और नृत्य प्रतिभा के लिए पुरस्कृत किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष मनजीतसिंह टुटेजा, कांग्रेस नेता तरुण खींची सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। विधायक जैन ने कहा कि नवरात्रि के आयोजन धार्मिक आस्था के साथ युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना को भी बढ़ावा देते हैं। पूर्व विधायक पाटिल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम की शुरुआत आरती से हुई। अतिथियों का स्वागत समिति पदाधिकारियों द्वारा किया गया। संचालन हस्तीमल सांखला ने किया और आभार संरक्षक राजेंद्र सिंह राणा ने माना।

## सबको योग करना और कराना यही युग धर्म राष्ट्र धर्म है : युवा भारत राज्य प्रभारी प्रेम पूनिया

**मन्दसौर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में मंदसौर के नगर पालिका सभाकक्ष में चल रहे 25 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षण शिविर के 13 वे दिन पतंजलि युवा भारत के राज्य प्रभारी प्रेम पूनिया द्वारा ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को 12 दंड और 8 बैठक का महत्व बताया। उन्होंने प्राणायाम भी करवाया और बताया कि सबको प्राणायाम आसन के साथ-साथ विशेष रूप से जो जवान है, बच्चे हैं उनको दंड बैठक लगानी है और बजरंगबली की तरफ बलवान बनना है। उन्होंने सभी को संगठन कार्य पद्धति का महत्व बताया।



आपने सभी प्रशिक्षण ले रहे सहयोग शिक्षकों को कहा कि इस युग में योग सीख कर सभी जनमानस को योग सीखाना, यही सबसे बड़ा राष्ट्र धर्म है क्योंकि वर्तमान के इस दौर में कई बीमारियों से समाज जूझ रहा है ऐसे में योग से बड़ी कोई सेवा नहीं।

उल्लेखनीय है कि, जिला समिति मंदसौर द्वारा जिले में प्रथम बार यह आयोजन किया गया जिसमें 75 प्रतिभागी ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से योग प्रशिक्षण ले रहे हैं जिसमें मंदसौर ह नहीं रतलाम, धार, सागर, इंदौर, नीमच के लोग भी ऑनलाइन जुड़कर योग प्रशिक्षण ले रहे हैं।

प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रात: 6 से 7.30 बजे तक चल रहा है रात्रि कालीन ऑनलाइन प्रशिक्षण चलता है, जिसमें सबको योग दर्शन, संगठन सूत्र, दैनिक दिनचर्या, वेद, पुराण ,उपनिषद, गीता दर्शन योग, हठयोग,ध्यान मुद्रा, यज्ञ, आहार चिकित्सा ,प्राकृतिक चिकित्सा, जैविक खेती आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

संस्था द्वारा शहर के कई वार्ड, जिला तहसील व ग्राम मुख्यालय पर योग कक्षा संचालित की जाएगी। जिसमें संस्था के निर्देशानुसार आम जनता निशुल्क योग और चिकित्सा परामर्श का लाभ ले पाएंगे।

प्रशिक्षण 15 अक्टूबर तक चलेगा और चयनित योग शिक्षक संस्था निर्देशानुसार अपनी योग कक्षा संचालित करेंगे इसी क्रम में उन्हें पतंजलि योगपीठ मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर स्वामी रामदेव जी महाराज के तत्वाधान में प्रशिक्षण लेने का भी अवसर मिलेगा। संस्था के राज्य कार्यकारिणी सदस्य भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी महेश कुमावत द्वारा यहां प्रतिदिन योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## विजयदशमी पर संघ का भव्य पथ संचलन





**नीमच।** विजयादशमी के पावन पर्व पर गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन निकाला। हायर सेकेंडरी से शुभंरभ होकरभारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर पथ संचलन प्रमुख मार्गो से होते हुए वाल्मीकि चौक पहुंचा जहा वाल्मीकि महासभा द्वारा आयोजित शहर के हृदय स्थल वाल्मीकि चौक पर राष्ट्रीय स्वयं सेवकों का स्वागत हेतु वाल्मीकि समाज की नन्ही मुन्नी कन्याऐ सर पर साफा बांध झांसी कि रानी का स्वरूप लेकर एक आकर्षण का केंद्र बनी। इस दृश्य को देखकर नीमच विधायक श्री दिलीप सिंह जी परिहार की धर्मपत्नी इन नन्ही मुन्ि कन्याओं के बीच पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक को पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया और नन्ही मुन्नी वाल्मीकि कन्याओं के साथ भारत माता की जय, ओर वंदे मातरम,वंदे मातरम के नारो से वाल्मीकि चौक गूंज उठा। महोदया ने पथ संचलन समाप्त होते ही सभी वाल्मीकि समाज व कन्याओं को अपने निवास स्थान पर आमंत्रित किया व सभी कन्याओं को शीतल जल और स्वल्पाहार करा कर सामाजिक समरसता की प्रतीक बनी और सामाजिक समरसता का एक विस्तृत विचार प्रकट किया जिसका मूल उद्देश्य समाज समाज के बीच भाईचारा, सद्भावना, और अपनत्व का निर्माण करना यही हिंदुत्व की पहचान है

इस अवसर पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के जिला अध्यक्ष श्यामलाल जी घेंघट, जिला प्रभारी दिलीप जी पथरोड़, नगर अध्यक्ष संदीप जी चौहान,(न.पा. स.कर्म.)प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपक जी सरसवाल, वाल्मीकि समाज वरिष्ठ ओमप्रकाश जी घेंघट, दिलीप जी घेंघट, सुभाष जी छपरीबंद,मुरली जी चावरिया, विनोद जी पथरोड़, संतोष जी नरवाले, दीपक जी चंडालिया,राजेश जी सौदे, नटवर जी सरपटे,सुनील जी चौहान, सनी जी सोदे,दीपक जी गोहर, विक्की जी घेंघट, नितिन जी घेंघट,मोनू जी पथरोड़,जीवन की पथरोड़, सुदेश जी नरवाले,राकेश जी पथरोड़, विक्की जी पथरोड़, अविनाश जी घेंघट,सुभाष जी संगत, आदि समाजजन उपस्थित है उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी बबलू जी खरे ने दी।



## सांसद बंशीलाल गुर्जर व विधायकगणों ने किया शस्त्र पूजन

**नीमच।** जिला मुख्यालय नीमच की कनावटी स्थित पुलिस लाईन में दशहरा का पर्व उत्साह और पारंपरिक तरीके के साथ मनाया गया। दशहरे के अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक जावद ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, वंदना खंडेलवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ स्थानीय गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

इस मौके राज्यसभा सांसद गुर्जर ,विधायक सखलेचा, एवं परिहार ,जिला पंचायत अध्यक्ष चौहान कलेक्टर एवं एसपी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा की।

उल्लेखनीय है, कि विजयदशमी पर शस्त्र पूजन की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और दशहरे पर शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक जायसवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया रक्षित निरीक्षक विक्रम सिंह एवं पुलिस अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव व अन्य अधिकारी पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**एक नजर** | नीमच जिले के 1.41 लाख से अधिक किसानों को 119.6 करोड़ की राहत

## मुख्यमंत्री यादव ने फसल क्षति पर प्रदेश की किसानों के खाते में अंतरित की राहत राशि

**नीमच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार को वीडियों कांफ्रेसिंग से प्रदेश के आपदा पीडित किसानों को फसल क्षति पर राहत राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। नीमच जिले के592 ग्रामों के 1.41 लाख से अधिक किसानों को अतिवृष्टि पीला, मोजेक से फसलों को हुई क्षति पर 119.6 करोड़ रुपए की राहत राशि स्वीकृत की गई है। दीपावली से पूर्व ही किसानों को राहत राशि का भुगतान शासन द्वारा किया जा रहा है ।




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में नीमच के एनआईसी कक्ष में विधायक नीमच श्री दिलीप सिंह परिहार विधायक मनासा श्री अनिरुद्ध मारू जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एडीएम श्री बीएस कलेश, श्रीमती वंदनाखंडेलवाल अन्य अधिकारी तथा जिले के किसान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जिले के किसानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर राहत राशि मिलने पर उन्हें बधाई दी। विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार एवं श्री अनिरुद्ध मारू ने भी मुख्यमंत्री जी से चर्चा कर दिवाली से पहले पीड़ित किसानों के खाते में राशि अंतरित करने पर मुख्यमंत्री जी की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए बधाई दी।

वर्चुअल संवाद करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किसानों से कहा कि मध्य प्रदेश सरकार का हर कदम अन्नदाता की मदद को तैयार है। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना का लाभ किसानों को मिलेगा। साथ ही फसल बीमा का लाभ भी दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को पहली बार येलो मोजैक से नुकसान पर भी सरकार द्वारा किसानों को राहत राशि का भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल तैयार होकर किसानों के घरों में नहीं आई, उसके पहले ही सरकार ने किसानों के खाते में राहत राशि का भुगतान कर दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी किसानों जनप्रतिनिधियों को दशहरा और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं भी दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव की मंशानुसार कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में टीमें लगाकर तत्परता पूर्वक फसल नुकसानी का सर्व करवाया गया। परिणाम स्वरूप किसानों को दीपावली पूर्व ही राहत राशि का भुगतान सम्भव हो पाया है।